## रेलवे पोर्सन में गार्डर शिफ्टिंग के लिए कल से तीन दिनों का मेगा ब्लाक

# दिसम्बर में कम्पलीट हो जाएगा मिशन चौक फ्लाई ओव्हर ब्रिज

**कटनी।** शहार को जल्द ही मिशन चौक फ्लाई ओव्हर ब्रिज की सौगात मिलने जा रही है। सागर रेल पुलिया के ऊपर करोड़ों रूपए की लागत से निर्माणाधीन फ्लाई ओव्हर ब्रिज में रेलवे के हिस्से का काम जल्द ही पूरा होने वाला है। जानकारी के मुताबिक रेलवे पोर्सन में कल सोमवार 22 नवंबर से 3 24 नवंबर तक पिलर पर अतिरिक्त गार्डर को शिफ्ट करने का काम किया जाएगा। शिफिटंग के लिए मेगा ब्लॉक भी लिया जा रहा है। फ्लाईओवर का निर्माण हो जाने से जगन्नाथ चौक, आजाद चौक और मिशन चौक पर आवागमन में आम जनता को सुविधा मिलेगी। ब्रिज कार्पोरेशन के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि कल 22 से 24 नवंबर तक सागर रेल पुलिया के ऊपर पिलर पर शेष बचे स्पान में गार्डर शिफ्टिंग के लिए मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है। इस दौरान रेलवे और फ्लाईओवर ब्रिज अधिकारियों की मौजूदगी में गार्डर शिफ्टिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। बताया जाता हैकि रेलवे पोर्सन में दो और गार्डर शिफ्ट होना है। इन गार्डर का वजन 17 टन और हाइट 3 मीटर है। स्पान 19 मीटर का है। ओव्हर ब्रिज के कंप्लीट होने के बाद शहर को रोज-रोज लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी और आवागमन सुलभ होने के साथ ही राहगीरों और वाहन चालकों को सुविधा मिलेगी। ओव्हर ब्रिज पर वाहनों का आवागमन शुरू होने के बाद नीचे सड़कों पर दबाव कम होगा।

**शहर को जाम से जल्द मिलेगी मुक्ति, आवागमन होगा सुलभ**



### इनका कहना है

मिशन चौक ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। कल 22 से 24 सितंबर तक गार्डर शिफ्टिंग के लिए मेगा ब्लाक लेकर कार्य किया जाएगा। उम्मीद है कि दिसंबर तक यह प्रोजेक्ट कम्प्लीट हो जाएगा। मिशन चौक से बरगवां और जगन्नाथ चौक की तरफ सड़क स्ट्रीट लाइट और अन्य कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

**-प्रमोद कुमार गोंटिया, एसडीओ ब्रिज**



# धर्म प्रभावना के लिए जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**कटनी।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 50वा स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस आज चार्तुमासरत आचार्य श्री 108 कुलरत्न भूषण जी महाराज के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आज सुबह धर्म प्रभावना के लिए दिगम्बर जैन बोर्डिंग हाऊस से जैन धर्मावलंबियों द्वारा भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली गई। शोभायात्रा जैन बोर्डिंग से शुरू होकर साधूराम स्कूल, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, रूई बाजार, गांधी द्वार होते हुए वापस जैन बोर्डिंग हाऊस परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में 20 पालकियों में आचार्य श्री का चित्र लेकर धर्मानुरागी आचार्य श्री की जय-जयकार के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

इस अवसर पर समाजसेवी राकेश जैन कक्का, पंचम जैन, विनय जैन, शैलेन्द्र जैन शैलू, विकास जैन, सचि दीदी, स्मृति दीदी, चिंटू जैन, विमल जैन, अमित जैन, सुभाष जैन, सरत जैन, मोनू जैन, बबलू जैन के साथ ही बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी शामिल हुए। गौरतलब है कि संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज ने 30 जून 1968 को राजस्थान के अजमेर शहर में महाकवि ज्ञानमूर्ति आचार्य ज्ञानसागर गुरु महाराज से दिगम्बर दीक्षा धारण की। 4 वर्ष की कठिन साधना, कठोर तपस्या और ज्ञान आराधना करके गुरुदेव की परीक्षा में पास हुए, तब आचार्य गुरुवर ज्ञानसागर जी महाराज ने उन्हें 22 नवंबर 1972 को नसीराबाद, जिला अजमेर राजस्थान में अपना आचार्य पद देकर आचार्य बनाया। 50 साल की इस यात्रा में आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने देश की लगभग 50 हजार किलोमीटर की पदयात्रा में श्रमण संस्कृति की धर्म पताका को फहराते हुए जैन दर्शन को समाज के सामने उपस्थित किया।

**आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 50वे पदारोहण दिवस पर आयोजन**

# तिलक समारोह चोरी में पुलिस को नहीं मिला सुराग

**कटनी।** राघव रीजेंसी में आयोजित तिलक समारोह में 15 लाख रूपए की चोरी की वारदात के बाद से शहर में अन्य वैवाहिक आयोजनों में इस तरह की वारदातों की रोकथाम के लिए लोग सतर्क नहीं दिख रहे। दो दिन बीतने के बाद भी वारदात का अभी खुलासा नहीं हो सका है। हालांकि पुलिस द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर संदेही की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगाप गौरतलब है कि बरहटा निवासी अभिनेष बघेल का 17 नवंबर को राघव रीजेंसी में तिलक समारोह आयोजित था। परिवार के लोग होटल के कमरा नंबर 108 में रूके हुए थे। तिलक समारोह की रस्मों के बाद परिवार के सदस्य जब कमरे में पहुंचे तो वहां रखे 5 लाख रूपए नगद, सोने का जनेऊ, चांदी की थाली व चांदी की मछली गायब थी। चोरी गए सोने व चांदी के सामान की कीमत 5 से 10 लाख रूपए के लगभग बताई गई है। इस प्रकार चोरी की वारदात में लगभग 15 लाख रूपए कीमती सामान जाने की बात सामने आ रही है।

# पुलिस को देख भागा ट्रेक्टर चालक

**कटनी।** अवैध शराब और फरार वारंटियों की धरपकड़ के साथ ही पुलिस द्वारा अवैध रूप से खनिज पदार्थों के परिवहन की रोकथाम के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केड़िया, अनुविभागीय अधिकारी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के नेतृत्व में अवैध रूप रेत चोरी करने वालों पर बरही पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। जानकारी के मुताबिक विगत दिवस मुखबिरों से सूचना मिली कि एक बिना नम्बर का ट्रैक्टर का चालक रेत चुरा कर स्टेशन की तरफ से आने वाला है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस ने छिन्दिया टोला स्टेशन के बीच में नीलगिरी के बगीचे के पास ट्रेक्टर चालक का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक वहां पहुंचा और पुलिस को देखकर भाग गया। काफी तलाश के बाद भी नहीं आया। रेत चोरी होने की शंका में पुलिस ने बिना नम्बर का ट्रैक्टर ट्राली मय रेत के कीमत 5000 रूपये जप्त करते हुए आरक्षक रोहित सिंह की मदद से आरोपी को थाना लेकर आया। आरोपी के विरुद्ध धारा 379 खनिज अधिनियम के तहत मामला कायम कर विवेचना मे लिया गया। अवैध रूप से रेत चोरी की कार्यवाही में एएसआई दिनेश गौतम, वाहन चालक रोहित सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



**रेत चोरी के संदेह पर पुलिस ने की थी घेराबंदी, पुलिस ने जब्त किया ट्रेक्टर, आरोपी गिरफ्तार**

# अवैध शराब पकड़ने पुलिस ने दी कई ठिकानों पर दबिश

**कटनी।** अवैध शराब के विक्रय और परिवहन के खिलाफ पुलिस द्वारा सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने पांच ठिकानों से अवैध शराब बरामद करते हुए कार्यवाही की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिलहरी में शंभू प्रसाद बर्मन के पास से पुलिस ने डेढ़ हजार रुपये की शराब जब्त की। इसी तरह विजयराघवगढ़ के रजरवारा में अशोक कोल पांच लीटर कच्ची शराब रखकर किसी का इंतजार कर रहा था। उसी समय पुलिस ने आरोपी को धर-दबोचा। कैमोर थाना के अमेहटा में भी पुलिस ने रामस्वरुप के पास से 21 पाव शराब जब्त की। रीठी थाना क्षेत्र के थनौरा में पुलिस ने रामनरेश के पास से दो लीटर और पटौहा में पुलिस ने सोनू राय से 21 सौ रुपए की शराब जब्त की। आरोपी थैले में शराब रखकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने बताया कि अरसे से क्षेत्रो में अवैध शराब बेचने की जानकारी आ रही थी। जिसके बाद टीम को गश्ती के दौरान अवैध शराब पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। आगामी समय में भी अवैध शराब पर इसी तरह की कार्यवाही की जाएगी।

**धरपकड़ के बाद भी नहीं रूक रहा गोरखधंधा**

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
नोट- बीपीएल कार्ड वालों को परामर्श शुल्क में विशेष छूट
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने, झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें www.yashbharat.com

दुनिया का नं.1 ब्रांड SAMSUNG
UP To 22.5% Additinal Cash Back 0% Finance Scheme Exchange Offer
UPSIZE NOW
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा
सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

ड्यूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...
गोरी शंकर मंदिर के पास, खेबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call - 9770037027

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Reliance digital TRENDS PLANET FASHION U-TURN BOLSA GALAXY GAME ZONE CITY PRIDE Cinema Food Junction HOTEL GRAND MERIDIAN FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री LIFESTYLE
कोट सूट।।शेरवानी।।इंडो वेस्टर्न।।ब्लेजर।।कुर्ता जैकेट
MUFTI BLACKBERRYS OCTAVE KILLER
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)